दिनांक : 24.07.2025

समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज लंदन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री से रणनीतिक संबंधों पर करेंगे बातचीत।
- केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज राष्ट्रीय सहकारिता नीति की करेंगे घोषणा।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 5 औद्योगिक इकाईयों का करेंगे भूमिपूजन।
- मैनचेस्टर में इंग्लैंड के साथ चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में भारत आज 264 रनों से आगे खेलेगा।

प्रधानमंत्री ब्रिटेन-यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज लंदन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ वार्ता करेंगे। यह बातचीत लंदन से 50 किलोमीटर उत्तर पश्चिम स्थित ब्रिटिश प्रधानमंत्री के सरकारी निवास पर होगी। बातचीत मुख्य रूप से दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों को नई गति देने पर केन्द्रित होगी। इस दौरान भारत- ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होंगे। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स आज दोनों प्रधानमंत्रियें की उपस्थिति में इस समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। तीन वर्ष की बातचीत के बाद तय यह व्यापार समझौता बाजार तक भारतीय वस्तुओं की व्यापक पहुंच सुनिश्चित करेगा। भारत को लगभग 99 प्रतिशत उत्पाद श्रेणियों पर शुल्क से छूट मिलेगी। ब्योरा हमारे संवाददाता से....

इस मौके पर प्रधानमंत्री श्री मोदी का भारतीय प्रवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया और अपनी भावनाए साझा की।

अमित शाह-राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025 की घोषणा करेंगे। कार्यक्रम अटल अक्षय ऊर्जा भवन में आयोजित होगा। यह नीति एक प्रमुख सुधार पहल है जिससे अगले दो दशक -2025 से 2047 तक भारत का सहकारिता आंदोलन निर्देशित होगा। सहकारिता मंत्रालय के अनुसार नई नीति का उद्देश्य सहकारी क्षेत्र का आधुनिकीकरण और इसे सहकार से समृद्धि लक्ष्य के अनुरूप बनाना है। यह नीति जमीनी स्तर पर विकास को बढ़ावा देने की कार्ययोजना का आधार बनेगी और 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने में सहकारी संस्थाओं की भूमिका बढ़ाएगी।

लोकसभा मीडिया

लोकसभा में कल सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने बताया कि भारत के प्रेस महापंजीयक के पास पंजीकृत प्रकाशनों की संख्या 2014-15 में एक लाख 5 हजार से बढ़कर 2024-25 में एक लाख 55 हजार हो गई है। निजी सैटेलाइट टीवी चैनलों की संख्या भी 2014-15 में 821 से बढ़कर 2024-25 में 908 हो गई है। डीडी फ्री डिश पर 92 निजी चैनल और 50 दूरदर्शन चैनल उपलब्ध हैं। निजी और डीडी दोनों चैनल विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में संचालित होते हैं, जिससे देश भर में दर्शकों तक व्यापक पहुंच सुनिश्चित होती है। देश भर में प्रसार भारती के नेटवर्क का विस्तार प्रसारण अवसंरचना एवं नेटवर्क विकास योजना 2021-26 के अंतर्गत एक सतत प्रक्रिया है।

हरदीप-एथेनॉल मिश्रण

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत ने पेट्रोल में बीस प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य समय से पांच वर्ष पहले पूरा कर लिया है। श्री पुरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि 2014 में केवल डेढ़ प्रतिशत से 2025 में बीस प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण का स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्य हासिल करने से एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि इससे एक लाख 18 हजार करोड़ रुपये किसानों को मिले हैं और 698 लाख टन कार्बन डायक्साईड उत्सर्जन कम हुआ है।

औद्योगिक इकाई-भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव  आज भोपाल के अचारपुरा में 406 करोड़ के निवेश वाली 5 औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन करेंगे। साथ ही 8 उद्योगों के निवेशकों को भूमि आवंटन के आशय-पत्र भी सौपेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत अचारपुरा स्थित गोकलदास एक्सपोर्ट्स की गारमेंट यूनिट के भ्रमण से होगी, जहाँ लगभग 2500 महिलाएँ कार्यरत हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री महिला श्रमिकों से संवाद करेंगे और इकाई में हो रहे उत्पादन कार्यों का अवलोकन करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव टेक्सटाइल, फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर से जुड़ी 5 प्रमुख इकाइयों का भूमि -पूजन करेंगे। इससे 1500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

वन विकास निगम-स्थापना दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आज स्वर्ण जयंती वर्ष का उद्घाटन एवं राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। वे 'विजन डॉक्यूमेंट-2047' का विमोचन एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन भी करेंगे। कार्यक्रम में निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी को सम्मानित भी किया जायेगा।

यह कार्यक्रम आज प्रातः 10ः30 बजे से भारतीय वन प्रबंधन संस्थान नेहरू नगर भोपाल के ऑडिटोरियम में होगा।

पेसा एक्ट अनुबंध

पेसा एक्ट के मध्यप्रदेश में बेहतर क्रियान्वयन के लिए त्रि-पक्षीय अनुबंध होगा। अनुबंध सचिव पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी अमरकंटक के बीच होगा। कार्यक्रम मध्यप्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान वाल्मी भोपाल में आज शाम 4 बजे से होगा। कार्यक्रम में पेसा एक्ट पर बनी पुस्तिका का विमोचन भी किया जाएगा। इस दौरान देशभर से आए पेसा एक्ट पैनलिस्ट, विशेषज्ञों के बीच चर्चा होगी।

क्षेत्रीय कार्यशाला

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा रांची में एफएनएचडब्ल्यू के अंतर्गत 14 राज्यों की क्षेत्रीय कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती हर्षिता सिंह ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व-सहायता समूहों के माध्यम से एफएनएचडब्ल्यू अंतर्गत खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता से संबंधित योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिये किये जा रहे नवाचार और विशेष प्रयासों का प्रस्तुतिकरण दिया।

मजदूर संघ स्थापना दिवस

भारतीय मजदूर संघ का 70वां स्थापना दिवस समारोह कल नई दिल्ली में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय मजदूर संघ केवल एक श्रमिक संघ नहीं, बल्कि राष्ट्रीय, औद्योगिक और श्रमिक कल्याण के लिए तत्पर अभियान है।

केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया भी स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में भारतीय मजदूर संघ की भागीदारी और श्रमिक कल्याण के लिए ठोस परिणामों के प्रति संकल्प-बद्धता की सराहना की।

क्रिकेट भारत

मैनचेस्टर में इंग्लैंड के साथ चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन आज भारत पहली पारी में चार विकेट पर 264 रन से आगे खेलेगा। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक रविंद्र जडेजा और शार्दुल ठाकुर 19-19 रन बनाकर क्रीज़ पर थे।

इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाज़ी के लिए आमंत्रित किया। पांच मैचो की श्रृंखला में इंगलैंड दो-एक से आगे है।

फिडे महिला विश्व कप 2025

शतरंज में, भारत की दिव्या देशमुख ने कल जॉर्जिया के बटुमी में फिडे महिला विश्व कप 2025 के सेमीफाइनल के दूसरे गेम में चीन की तान झोंगयी को हरा दिया और फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। 19 साल की दिव्या फिडे महिला विश्व कप के फाइनल में प्रवेश करने वाली पहली भारतीय भी बनीं। दिव्या का सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की लेई टिंगजी और भारत की नंबर 1 कोनेरू हम्पी के बीच खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा।

मौसम

प्रदेश में बारिश लगातार जारी है। मौसम विभाग ने भोपाल जबलपुर, राजगढ़, शाजापुर, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सागर, दमोह, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी, अनूपपुर सहित 20 जिलों में भारी बारिश की संभावना बताई है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- सतना जिले में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कल ग्राम सुहौला में 93लाख की लागत के निर्माण कार्यो का भूमि पूजन किया।
- शिवपुरी जिले में वन विभाग ने वन परिक्षेत्र बदरवास की रांछी बीट में 110 बीघा भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया।
- धार जिले में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी इन्दौर कमांडर नागेश चंद्र मालवीय आज सर्किट हाउस में भूतपूर्व सैनिकों की विधवाओं तथा आश्रितों से मुलाकात कर समस्याओं का समाधान कर कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगें।
- खंडवा जिले के विभिन्न ग्रामों में 1 से 29 अगस्त तक मोतियाबिंद हितग्राहियों के ऑपरेशन के लिए मरीजों को चिन्हित करने के लिए शंकरा आई सेन्टर व चौइथराम फाउण्डेशन ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किए जाएंगे।
- “मिशन शक्ति फॉर एम्पिवरमेंट ऑफ वूमेन” के अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पंजीकरण अभियान का आयोजन नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा में कल किया गया।
- मंदसौर पुलिस द्वारा आयोजित जिला पुलिस अधिकारियों एवं जवानों का हेल्थ चेकअप शिविर में कल जिले के 170 पुलिस कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

-------